भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-02

जिसका उत्तर 25 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है ।

गांवों का विद्युतीकरण

***2. श्रीमती सरोजिनी हेम्ब्रमः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में गत दो वर्षों के दौरान राज्यवार, कितने गांवों में विद्युत उपलब्ध कराई गई है;

(ख) क्या सरकार ने विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत सभी गांवों को विद्युत उपलब्ध कराने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>विवरण</u>

"गांवों का विद्युतीकरण" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 25.04.2016 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 02 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) : विगत दो वर्षों के दौरान विद्युतीकृत गाँवों की राज्य-वार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

(ख) और (ग) : राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 01.04.2015 की स्थिति के अनुसार, 18,452 गैर-विद्युतीकृत जनगणना गाँव थे। गैर-विद्युतीकृत 18,452 गाँवों में से 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार, 7,108 गैर-विद्युतीकृत गाँवों में विद्युतीकरण-कार्य पूरा कर दिया गया है। शेष सभी गाँवों का विद्युतीकरण 01 मई, 2018 तक कर दिए जाने का लक्ष्य है।

****

अनुबंध

"गांवों का विद्युतीकरण" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 25.04.2016 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 02 के उत्तर में दिए गए विवरण के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध।

****

विगत दो वर्षों के दौरान विद्युतीकृत गांवों की राज्य-वार संख्या

क्रम सं.	**राज्य**	**2014-15**	**2015-16**
1	अरुणाचल प्रदेश	107	174
2	असम	190	942
3	बिहार	341	1754
4	छत्तीसगढ़	67	405
5	हिमाचल प्रदेश	8	1
6	जम्मू व कश्मीर	9	27
7	झारखंड	161	750
8	मध्य प्रदेश	86	214
9	मणिपुर	192	75
10	मेघालय	43	1
11	मिजोरम	45	16
12	नागालैंड	10	0
13	ओडिशा	13	1264
14	राजस्थान	70	163
15	त्रिपुरा	0	9
16	उत्तर प्रदेश	59	1305
17	उत्तराखंड	4	0
18	पश्चिम बंगाल	0	8
	कुल	**1405**	**7108**

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-06

जिसका उत्तर 25 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है ।

अधिक मात्रा में उत्पादन करने वाली तथा लाभकर इकाइयों को बिजली की आपूर्ति

***6. डॉ. वी. मैत्रेयनः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में अधिक मात्रा में उत्पादन करने वाली तथा लाभकर इकाइयों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने विधिवत ऊर्जा दक्षता हेतु राष्ट्रीय मिशन की निष्पादन, प्राप्ति और व्यापार (पी.ए.टी.) योजना के अंतर्गत अधिक ऊर्जा की खपत करने वाले आठ क्षेत्रों की 478 औद्योगिक इकाइयों के लिए विशिष्ट ऊर्जा खपत (एस.ई.सी.) को कम करने के संबंध में मानक निर्धारित किए हैं;

(घ) यदि हां, तो इन इकाइयों द्वारा ऊर्जा की खपत में कमी करने के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों को, राज्य-वार, कहां तक हासिल कर लिया गया है; और

(ङ) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में औद्योगिक इकाइयों को कुल कितने मूल्य के ऊर्जा बचत प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए हैं?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ङ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>विवरण</u>

"अधिक मात्रा में उत्पादन करने वाली तथा लाभकर इकाइयों को बिजली की आपूर्ति" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 25.04.2016 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 06 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) और (ख) : विद्युत समवर्ती सूची का विषय है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में, अधिक मात्रा में उत्पादन करने वाली तथा लाभकर इकाइयों सहित विभिन्न उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति एवं वितरण का कार्य संबंधित राज्य सरकार/राज्य विद्युत यूटिलिटी के कार्यक्षेत्र में आता है। केंद्र सरकार, केंद्रीय विद्युत क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू) के माध्यम से केंद्रीय क्षेत्र में विद्युत संयंत्रों तथा पारेषण प्रणालियों की स्थापना कर राज्य सरकारों के प्रयासों को बढ़ावा देती है।

(ग) और (घ) : जी, हाँ। पीएटी चक्र-I (2012-13 से 2014-15) में 478 औद्योगिक इकाइयों को विशिष्ट ऊर्जा खपत (एसईसी) में कमी करने के लिए अनिवार्य लक्ष्य दिए गए थे। इसका उद्देश्य समग्र ऊर्जा खपत में 6.686 मिलियन टन तेल के समतुल्य (एमटीओई) कमी हासिल करना था।

इन औद्योगिक इकाइयों द्वारा 8.67 मिलियन टन तेल के समतुल्य (एमटीओई) कमी करने का लक्ष्य प्राप्त किया गया। यह कमी लाने के लिए प्राप्त समग्र लक्ष्य के राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ङ) : पीएटी चक्र-I (2012-13 से 2014-15) के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों को जारी किए जाने वाले ऊर्जा बचत प्रमाण-पत्रों का कुल अनुमानित मूल्य 37.60 लाख ऊर्जा बचत प्रमाण-पत्र (ईएससर्ट्स) है।

****

अनुबंध

"अधिक मात्रा में उत्पादन करने वाली तथा लाभकर इकाइयों को बिजली की आपूर्ति" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 25.04.2016 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 06 के उत्तर में दिए गए विवरण के भाग (ग) और (घ) में उल्लिखित अनुबंध।

****

इन औद्योगिक इकाइयों द्वारा प्राप्त किए गए लक्ष्य का राज्य-वार ब्यौरा

क्रम सं.	**राज्य**	**ऊर्जा बचत (एमटीओई)**
1	आंध्र प्रदेश	0.38
2	असम	0.06
3	बिहार	0.03
4	छत्तीसगढ़	0.65
5	दिल्ली	0.07
6	गोवा	0.03
7	गुजरात	0.88
8	हरियाणा	0.41
9	हिमाचल प्रदेश	0.05
10	झारखंड	0.63
11	कर्नाटक	0.36
12	केरल	0.01
13	मध्य प्रदेश	0.75
14	महाराष्ट्र	0.72
15	मेघालय	0.01
16	ओडिशा	1.04
17	पुडुचेरी	-0.01
18	पंजाब	0.45
19	राजस्थान	0.62
20	तमिलनाडु	0.22
21	तेलंगाना	0.05
22	त्रिपुरा	0.00
23	उत्तर प्रदेश	0.74
24	उत्तराखंड	0.05
25	पश्चिम बंगाल	0.48
	कुल	**8.67**

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-15

जिसका उत्तर 25 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है ।

देश में मांग की तुलना में विद्युत उत्पादन

***15. श्री महेन्द्र सिंह माहराः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में विद्युत उत्पादन की तुलना में इसकी मांग कितने मेगावाट है;

(ख) क्या मंत्रालय बिजली की कमी को पूरा करने के लिए विशेषकर पर्वतीय राज्यों में जलविद्युत का उत्पादन बढ़ाने पर विचार करेगा;

(ग) क्या सरकार छोटे-छोटे बांध बनाकर जलविद्युत का उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्यों को धनराशि उपलब्ध करायेगी; और

(घ) यदि नहीं, तो बिजली की बढ़ती मांग को कैसे पूरा किया जाएगा?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>विवरण</u>

"देश में मांग की तुलना में विद्युत उत्पादन" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 25.04.2016 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 15 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) : वर्ष 2015-16 (अप्रैल, 2015-मार्च, 2016) के दौरान देश में मेगावाट में विद्युत की व्यस्ततम माँग 148,463 मेगावाट की पूरी की गई माँग (अर्थात् सकल उत्पादन, सहायक खपत एवं पारेषण हानियाँ को घटाकर) की तुलना में 153,366 मेगावाट थी।

(ख) : जी, हाँ।

(ग) और (घ) : जल विद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को निधि उपलब्ध कराने हेतु फिलहाल कोई स्कीम/नीति नहीं है।

सरकार द्वारा विद्युत की माँग को पूरा करने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

(i) 12वीं योजना के दौरान, अर्थात् वर्ष 2016-17 तक, 1,18,537 मेगावाट (88,537 मेगावाट पारंपरिक और 30,000 मेगावाट नवीकरणीय सहित) की क्षमता अभिवृद्धि। इसकी तुलना में 31 मार्च, 2016 तक पारंपरिक स्रोतों से लगभग 85,186 मेगावाट तथा 31.03.2016 तक नवीकरणीय स्रोतों से 17,829 मेगावाट क्षमता प्राप्त की जा चुकी है।

(ii) भारत सरकार ने राज्यों के साथ भागीदारी से 24x7 सभी के लिए विद्युत (पीएफए) उपलब्ध कराने के लिए राज्य विशिष्ट कार्य योजनाएं तैयार करने के लिए पहल की है।

(iii) भारत सरकार द्वारा पर्याप्त एवं विश्वसनीय आपूर्ति देने तथा लाइन हानियों को कम करने के लिए उप-पारेषण और वितरण नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण तथा कृषि फीडरों के पृथक्करण के लिए दो नई स्कीमों अर्थात् दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और एकीकृत विद्युत विकास स्कीम का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

(iv) ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा दक्षता और अन्य माँग पक्ष प्रबंधन उपायों को बढ़ावा देना।

(v) केंद्र सरकार ने डिस्कॉमों के प्रचालनात्मक और वित्तीय टर्नअराउंड के लिए 20 नवम्बर, 2015 को एक नई स्कीम अर्थात् उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) अधिसूचित की है।

(vi) उत्पादन एवं पारेषण परियोजनाएं शीघ्र पूरा किए जाने को सुविधाजनक बनाने के लिए पर्यावरणीय एवं वन स्वीकृतियों से संबंधित मामलों का तेजी से समाधान करना।

(vii) स्ट्रेंडेड गैस आधारित उत्पादन के लिए विद्युत प्रणाली विकास निधि से सहायता प्रदान कराना।

(viii) सिक्किम सहित सभी उत्तर-पूर्वी राज्यों में पारेषण एवं वितरण प्रणाली में सुधार लाने के लिए 9865 करोड़ रुपए की दो स्कीमें कार्यान्वयन के अधीन हैं।

(ix) जम्मू एवं कश्मीर में कमी को पूरा करने में सहायता प्रदान करने हेतु कुल 1788 करोड़ रुपए की 220 केवी श्रीनगर से लेह वाया द्रास, कारगिल लाइन भारत सरकार के वित्तपोषण से कार्यान्वित की जा रही है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-66

जिसका उत्तर 25 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है ।

एलईडी बल्बों के वितरण में अनियमितताएं

66. डॉ. प्रदीप कुमार बालमुचूः

क्या **विद्युत** राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एलईडी बल्बों के वितरण में सरकार को बड़े पैमाने पर अनियमितताएं नजर आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या जनता को एलईडी बल्बों की आपूर्ति के संबंध में राज्यों द्वारा प्रस्तुत किए गए लेखाओं में काफी अंतर है;

(ग) क्या सरकार वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए कोई जांच शुरू करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या मंत्रालय को इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख) : जी नहीं।

(ग) और (घ) : प्रश्न नहीं उठता।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-67

जिसका उत्तर 25 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है ।

विद्युत परियोजनाओं के लिए अधिग्रहीत भूमि हेतु मुआवजा

67. श्री किरनमय नन्दाः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकारी और गैर-सरकारी विद्युत परियोजनाओं के लिए किसानों से अधिग्रहीत की गई भूमि के लिए उन्हें मुआवजा दिया जाता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ताप/जल विद्युत परियोजनाओं के लिए किसानों में अधिग्रहीत की गई भूमि के लिए उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में किसानों को कोई मुआवजा दिया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख) : जी हाँ। समय-समय पर संशोधित भूमि अधिग्रहण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार विद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए अधिगृहीत भूमि हेतु राज्य सरकार द्वारा सीधे भू-स्वामियों को मुआवजे का भुगतान किया जाता है।

(ग) और (घ) : विद्युत मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा अल्ट्रा मेगा विद्युत परियोजना (यूएमपीपी)के साथ-साथ ताप/जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना करने के लिए उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में भू-स्वामियों को भुगतान किए गए मुआवजे के ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

****

अनुबंध

राज्य सभा में दिनांक 25.04.2016 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 67 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

क्रम सं.	विद्युत स्टेशन/परियोजना का नाम	अधिगृहीत निजी भूमि	भू-स्वामियों को किया गया भुगतान (रुपए करोड़ में)
1	चूटक (44 मेगावाट), (जम्मू व कश्मीर)	18.63 हेक्टे.	2.23
2	निम्मो-बाजगो (45 मेगावाट) (जम्मू व कश्मीर)	31.27 हेक्टे.	6.40
3	उरी-II (240), (जम्मू व कश्मीर)	150.10 हेक्टे.	27.11
4	किशनगंगा (330 मेगावाट), (जम्मू व कश्मीर)	255.00 हेक्टे.	271.84
5	सेवा-II (120 मेगावाट), (जम्मू व कश्मीर)	66.10 हेक्टे.	4.77
6	पारबती-III (520 मेगावाट), (हिमाचल प्रदेश)	46.00 हेक्टे.	66.0
7	चमेरा-III (231 मेगावाट), (हिमाचल प्रदेश)	4.23 हेक्टे.	1.16
8.	पारबती-II (800 मेगावाट), (हिमाचल प्रदेश)	52.73 हेक्टे.	24.95
9.	कोटलीभेल-1ए (195 मेगावाट), (उत्तराखंड)	18.65 हेक्टे.	7.17
10	नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन (1500 मेगावाट), (हिमाचल प्रदेश)	224.00 हेक्टे.	27.12
11	रामपुर हाइड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजेक्ट (420 मेगावाट), (हिमाचल प्रदेश)	29.10 हेक्टे.	24.18
12	नटवर मोरी एचईपी (60 मेगावाट), (उत्तराखंड)	7.156 हेक्टे.	11.01
13	बक्सर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (1360 मेगावाट), (बिहार)	436.60 हेक्टे.	357.00 मुआवजा संवितरण प्रक्रिया अभी भी प्रगति पर है। लगभग 90% मुआवजा संवितरित।
14	टांडा, (2x660 मेगावाट), (उत्तर प्रदेश)	671.99 एकड़	189.84
15	बिल्हौर, (2x660 मेगावाट), (उत्तर प्रदेश)	950.52 एकड़	372.23
16	गदरवाड़ा, (2x800 मेगावाट), (मध्य प्रदेश)	1479.48 एकड़	80.25
17	खारगोन, (2x660 मेगावाट), (मध्य प्रदेश)	783.78 एकड़	76.00
18	बरेठी, (4x660 मेगावाट), (मध्य प्रदेश)	2452.13 एकड़	111.87
19	दार्लीपल्ली, (2x800 मेगावाट), (ओडिशा)	1361.60 एकड़	348.73
20	कुडगी, (3x800 मेगावाट), (कर्नाटक)	3351.00 एकड़	248.00
21	लारा, (2x800 मेगावाट), (छत्तीसगढ़)	2383.26 एकड़	292.35
22	टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स, उत्तराखंड	15000 परिवार	1526.00
23	विष्णुगाड़ पीपलकोटि एचईपी (444 मेगावाट) उत्तराखंड	31.639 हेक्टे.	20.74
24	खुर्जा एसटीपीपी (1320 मेगावाट), बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश	1360.00 एकड़	387.18
25	चेय्यूर यूएमपीपी (4000 मेगावाट), तमिलनाडु	655.15 एकड़	83.57
26	ओडिशा यूएमपीपी (4000 मेगावाट), ओडिशा	2733.00 एकड़	620.78 संवितरण के लिए भुगतान किया गया।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-68

जिसका उत्तर 25 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है ।

देश के ऊर्जा संसाधनों का प्रबंधन

68. श्री रंजिब बिस्वालः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सचिवों के समूह ने संरक्षण तथा दक्षता के जरिए भारत के ऊर्जा संसाधनों का प्रबंधन करने के लिए अनेक परिवर्तनकारी उपायों की सिफारिश की है;

(ख) यदि हां, तो इस समूह द्वारा की गई सिफारिशों का ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि इन सभी सिफारिशों को कार्यान्वित किया जाता है तो प्रतिवर्ष कुल कितनी ऊर्जा को संरक्षित किए जाने की संभावना है; और

(घ) इन सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए अब तक क्या-क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) : जी हाँ।

(ख) : सचिव-समूह ने ऊर्जा संरक्षण एवं दक्षता के जरिए भारत के ऊर्जा संसाधनों का प्रबंध करने के लिए निम्नलिखित 11 सूत्रीय कार्य की सिफारिश कीः

1. **सुपर-एफिशिएंट हाउसहोल्ड एप्लायेंसेज डिप्लायमेंट एंड नॉलेज ट्रांसफॉर्मेशन इनिटिएटिव (शक्ति):** सुपर एफिशिएंट हाउसहोल्ड उपकरणों की वर्तमान 10 प्रतिशत बिक्री को बढाकर 50 प्रतिशत करना।

2. **सोलर-बेस्ड एफिशिएंट वाटर-पम्प्स फॉर एग्रीकल्चर (सेवा):** वर्ष 2019 तक वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य (एलईडी टाइप) व्यावसाय मॉडल के जरिए 30 लाख सौर आधारित ऊर्जा दक्ष वाटर पम्प प्रदान करना।

3. **ऊर्जा दक्ष (ईई) भवन एवं निर्माण सामग्री:** ऊर्जा प्रयोग को 25% तक घटाने के लिए, कम से कम 30% निर्माणों और मौजूदा सरकारी भवनों को शामिल करने के लिए नए ऊर्जा दक्ष भवनों को प्रोत्साहन देना।

4. **ऊर्जा गहन उद्योगः** औद्यगिक ऊर्जा खपत की कवरेज, जो वर्तमान में 30% है, को बढ़ाकर 70% किए जाने के लिए निष्पादन हासिल एवं व्यापार करो कार्यक्रम का विस्तार।

5. **परिवहन - सड़कः** दो चरणों में, 12-40 एमटी की रेंज में हैवी ड्यूटी वाहनों (एचडीवी) के लिए ईंधन दक्षता मानदंड अनिवार्य करना तथा सभी रेंजों में पुराने एचडीवी को प्रतिस्थापित करने को प्रोत्साहित करना।

6. **परिवहन - सड़कः** ईंधन दक्ष चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम।

7. **परिवहन - रेलवेः** माल-वहन में रेलवे के घटते हिस्से को नियंत्रित करना तथा वर्तमान 36 प्रतिशत को बढ़ाकर वर्ष 2019 तक 40 प्रतिशत तक करना।

8. **परिवहन - तटीय पोत परिवहन को बढ़ावा देनाः** तटीय पोत परिवहन माल-वहन के हिस्से को बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक करना।

9. **नई प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यिकीकरणः** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा विकसित सूक्ष्म सौर गुंबद (सूर्या ज्योति) प्रकाश-व्यवस्था प्रौद्योगिकी द्वारा सार्वभौमिक प्रकाश-व्यवस्था पहुँच।

10. **महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों का अनुसंधान और विकासः** मिश्रण के लिए एडवांस्ड अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल (एयूएससी) ताप विद्युत प्रौद्योगिकी एवं लिग्नो-सेलुलोसिक बायो-एथानॉल।

11. **ऊर्जा संरक्षण - एक जन आंदोलनः** ऊर्जा अभिनव पुरस्कार, जिला स्तरीय जागरुकता तथा यथार्थतः ऊर्जा दक्षता केंद्र।

(ग) : सिफारिशों के कार्यान्वयन से, वर्ष 2019 के अंत तक, 44 मिलियन टन तेल के समतुल्य (एमटीओई) की बचत होने की संभावना है।

(घ) : माननीय विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के समक्ष सचिव-समूह की सिफारिशों पर एक प्रस्तुतीकरण दिया गया था जिसमें विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के उप-सचिव एवं उससे ऊपर के स्तर के सभी अधिकारियों तथा इनके साथ-साथ, इस मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निदेशकों और अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों ने भी भाग लिया था। प्रस्तुतीकरण के दौरान, कार्य योजना तैयार करने के लिए, इन सिफारिशों पर विस्तार से चर्चा की गई थी। प्रस्तुतीकरण के दौरान किए गए विचार-विमर्श और प्राप्त सुझावों के आधार पर, कार्यान्वयन के लिए, समय-सीमा सहित एक कार्य योजना तैयार की गई है। यह कार्य योजना इसके कार्यान्वयन की निगरानी के लिए नीति-आयोग को भेज दी गई है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-69

जिसका उत्तर 25 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है ।

यू एम पी पी हेतु नए मानक

69. श्री डी. कुपेन्द्र रेड्डीः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्रीय सरकार देश की अति वृहद विद्युत परियोजनाओं के लिए नए मानक लागू करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या ये मानक मौजूदा अति वृहद विद्युत परियोजनाओं पर भी लागू होंगे;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) अब तक आरंभ की जा चुकी अतिवृहद विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा वर्तमान में निर्माणाधीन अन्य अतिवृहद विद्युत परियोजनाओं का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख) : जी हां। पणधारकों द्वारा व्यक्त विभिन्न चिंताओं का समाधान करने और बोली प्रक्रिया में निवेशकों/उत्पादकों की अधिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए, अल्ट्रा मेगा विद्युत परियोजना (यूएमपीपी)/केस-2 के लिए लागू मानक/मॉडल बोली दस्तावेजों की जांच करने और संशोधित करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी। समिति ने आबंटित घरेलू कोयला ब्लॉकों और आयातित कोयले के आधार पर अल्ट्रा मेगा विद्युत परियोजनाओं के लिए नए मानक बोली दस्तावेजों पर अपनी संस्तुति दे दी हैं। इस समिति की सिफारिशों के आधार पर, नए मानक बोली दस्तावेज अन्तिम अनुमोदनाधीन है।

(ग) और (घ) : जी नहीं, ये दस्तावेज उन यूएमपीपी के लिए लागू होंगे जिनके लिए बोली प्रक्रिया अभी शुरू की जानी है।

(ङ) : चालू/कार्यान्वयनाधीन यूएमपीपी का ब्यौरा **अनुबंध** में है।

****

अनुबंध

राज्य सभा में दिनांक 25.04.2016 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 69 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

अवार्ड की गई अल्ट्रा मेगा विद्युत परियोजनाओं (यूएमपीपी) की स्थिति

क्रम संख्या	यूएमपीपी का नाम	स्थान	स्थिति
1.	सासन यूएमपीपी (6x660 मेगावाट)	सासन, जिला सिंगरौली, मध्य प्रदेश	परियोजना मैसर्स रिलायंस पावर लिमिटेड को 07.08.2007 को अवार्ड एवं हस्तांतरित की गई। परियोजना पूरी तरह से चालू हो गई है।
2.	मुंद्रा यूएमपीपी (5x800 मेगावाट)	ग्राम टुंडावंड, जिला कच्छ, गुजरात	परियोजना मैसर्स टाटा पावर लिमिटेड को 24.04.2007 को अवार्ड एवं हस्तांतरित की गई। परियोजना पूरी तरह चालू हो गई है।
3.	कृष्णापटनम यूएमपीपी (6x660 मेगावाट)	कृष्णापटनम, जिला नेल्लोर, आंध्र प्रदेश	परियोजना मैसर्स रिलायंस पावर लिमिटेड को 29.01.2008 को अवार्ड तथा हस्तांतरित की गई। विकासकर्ता ने इंडोनेशिया में कोयला मूल्य निर्धारण के नए विनियम का उल्लेख करते हुए कार्यस्थल पर कार्य रोक दिया है। प्रापकों ने समाप्ति नोटिस जारी कर दिया है। मामला न्यायाधीन है।
4.	तिलैया यूएमपीपी (6x660 मेगावाट)	तिलैया गाँव के निकट, जिला हजारीबाग तथा कोडरमा, झारखण्ड	परियोजना मैसर्स रिलायंस पावर लिमिटेड को 07.08.2009 को अवार्ड और हस्तांतरित की गई। विकासकर्ता (झारखंड इंटीग्रेटेड पावर लि.) ने झारखंड सरकार द्वारा विकासकर्ता को भूमि का हस्तांतरण नहीं किए जाने का उल्लेख करते हुए दिनांक 28.04.2015 को विद्युत क्रय करार की समाप्ति नोटिस जारी किया है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-70

जिसका उत्तर 25 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है ।

ताप विद्युत संयंत्रों को बंद किया जाना

70. श्री संजय राउतः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि कुछ ताप विद्युत संयंत्र, विशेषकर महाराष्ट्र में, बंद कर दिए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) ताप विद्युत क्षेत्र के द्वारा विद्युत की अबाधित आपूर्ति के लिए निरन्तर उत्पादन करने के लिए पानी की कमी की समस्या से निपटने के लिए अन्य विकल्पों का पता लगाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए अथवा उठाए जाने वाले कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : महाराष्ट्र स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) ने सूचित किया है कि महाराष्ट्र के बीड जिले में पार्ली ताप विद्युत स्टेशन (1130 मेगावाट) की सभी यूनिटें जून-जुलाई, 2015 से जल की कमी के कारण बंद हैं। यूनिटों का ब्यौरा निम्नलिखित है:

1. यूनिट सं. 03 (210 मेगावाट) - 27 जून, 2015
2. यूनिट सं. 04 (210 मेगावाट) - 05 जुलाई, 2015
3. यूनिट सं. 05 (210 मेगावाट) - 06 जुलाई, 2015
4. यूनिट सं. 06 (250 मेगावाट) - 25 जून, 2015
5. यूनिट सं. 07 (250 मेगावाट) - 08 जुलाई, 2015

जल के उपलब्ध न होने के कारण अस्थायी रूप से बंद अन्य ताप विद्युत उत्पादन यूनिटों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

महाजेनको ने सूचित किया है कि नांदेड बाघला शहर के नगर निगम से सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) जल के पुन: उपयोग परियोजना (60-एमएलडी) के माध्यम से पार्ली ताप विद्युत स्टेशन को जलापूर्ति किए जाने की स्कीम तैयार की जा चुकी है।

भारत सरकार ने दिनांक 28 जनवरी, 2016 को नई प्रशुल्क नीति अधिसूचित की है जिसमें यह अधिदेशित है कि नगरपालिकाओं/स्थानीय निकायों/इसी प्रकार के संगठन के सीवेज उपचार संयंत्र के 50 किलोमीटर क्षेत्र के भीतर स्थित मौजूदा संयंत्रों सहित ताप विद्युत संयंत्र सीवेज उपचार संयंत्र से उनकी निकटता के क्रम में इन निकायों द्वारा उत्पादित उपचारित सीवेज का अनिवार्य रूप से प्रयोग करेंगे तथा इस पर आई संबंधित लागत की अनुमति प्रशुल्क में पास-थ्रू के रूप में दी जाए।

****

अनुबंध

राज्य सभा में दिनांक 25.04.2016 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 70 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

उन ताप उत्पादक इकाइयों का आउटेज ब्यौरा जो कच्चे पानी की समस्या के कारण अस्थायी रूप से बंद थीं

क्षेत्र	राज्य	सेक्टर प्रकार	संगठन	स्टेशन	यूनिट सं.	क्षमता (मेगावाट)	ट्रिप तारीख	सिंक्रो. तारीख	आउटेज के कारण
पूर्वी क्षेत्र	बिहार	केंद्रीय	एनटीपीसी लि.	बाढ़-II	4	660	11-जुला.-15	11-जुला.-15	कच्चा पानी उपलब्ध नहीं/नहर का कम इंटेक स्तर
पूर्वी क्षेत्र	बिहार	केंद्रीय	एनटीपीसी लि.	बाढ़-II	5	660	4-अक्तू.-15	5-अक्तू.-15	कच्चे पानी की समस्या
पूर्वी क्षेत्र	पश्चिम बंगाल	केंद्रीय	एनटीपीसी लि.	फरक्का एसटीपीएस	1	200	1-अप्रैल-16	6-अप्रैल-16	कच्चे पानी की समस्या
पूर्वी क्षेत्र	पश्चिम बंगाल	केंद्रीय	एनटीपीसी लि.	फरक्का एसटीपीएस	2	200	1-अप्रैल-16	4-अप्रैल-16	कच्चे पानी की समस्या
पूर्वी क्षेत्र	पश्चिम बंगाल	केंद्रीय	एनटीपीसी लि.	फरक्का एसटीपीएस	3	200	1-अप्रैल-16	11-अप्रैल-16	कच्चे पानी की समस्या
पूर्वी क्षेत्र	पश्चिम बंगाल	केंद्रीय	एनटीपीसी लि.	फरक्का एसटीपीएस	4	500	15-फर.-16	18-फर.-16	कच्चे पानी की समस्या
पूर्वी क्षेत्र	पश्चिम बंगाल	केंद्रीय	एनटीपीसी लि.	फरक्का एसटीपीएस	4	500	1-अप्रैल-16	11-अप्रैल-16	कच्चे पानी की समस्या
पूर्वी क्षेत्र	पश्चिम बंगाल	केंद्रीय	एनटीपीसी लि.	फरक्का एसटीपीएस	5	500	1-अप्रैल-16		कच्चे पानी की समस्या
दक्षिणी क्षेत्र	कर्नाटक	राज्य	केपीसीएल	रायचूर टीपीएस	1	210	1-सितंबर-15	2-सितंबर-15	कच्चे पानी की समस्या
दक्षिणी क्षेत्र	कर्नाटक	राज्य	केपीसीएल	रायचूर टीपीएस	1	210	17-मार्च-16	21-मार्च-16	कच्चा पानी उपलब्ध नहीं/नहर का कम इंटेक स्तर
दक्षिणी क्षेत्र	कर्नाटक	राज्य	केपीसीएल	रायचूर टीपीएस	2	210	15-मार्च-16	21-मार्च-16	कच्चा पानी उपलब्ध नहीं/नहर का कम इंटेक स्तर
दक्षिणी क्षेत्र	कर्नाटक	राज्य	केपीसीएल	रायचूर टीपीएस	5	210	11-फर.-16	13-फर.-16	कच्चे पानी की समस्या
दक्षिणी क्षेत्र	कर्नाटक	राज्य	केपीसीएल	रायचूर टीपीएस	6	210	14-मार्च-16	20-मार्च-16	कच्चा पानी उपलब्ध नहीं/नहर का कम इंटेक स्तर

दक्षिणी क्षेत्र	कर्नाटक	राज्य	केपीसीएल	रायचूर टीपीएस	7	210	17-फर.-16	19-फर.-16	कच्चे पानी की समस्या
दक्षिणी क्षेत्र	कर्नाटक	राज्य	केपीसीएल	रायचूर टीपीएस	7	210	15-मार्च-16	21-मार्च-16	कच्चा पानी उपलब्ध नहीं/नहर का कम इंटेक स्तर
दक्षिणी क्षेत्र	तमिलनाडु	केंद्रीय	एनटीपीएल	तूतीकोरिन (जेवी) टीपीपी	2	500	5-अक्तू.-15	5-अक्तू.-15	कच्चे पानी की समस्या
दक्षिणी क्षेत्र	कर्नाटक	निजी	यूपीसीएल	उडुपी टीपीपी	1	600	10-अग.-15	10-सितं.-15	कच्चे पानी की समस्या
दक्षिणी क्षेत्र	कर्नाटक	निजी	यूपीसीएल	उडुपी टीपीपी	2	600	11-अग.-15	27-अग.-15	कच्चे पानी की समस्या
दक्षिणी क्षेत्र	कर्नाटक	निजी	यूपीसीएल	उडुपी टीपीपी	2	600	19-अप्रैल-16		कच्चे पानी की समस्या
दक्षिणी क्षेत्र	आंध्र प्रदेश	निजी	एचएनपीसी	विजग टीपीपी	1	520	2-फर.-16	2-फर.-16	कच्चे पानी की समस्या
पश्चिम क्षेत्र	महाराष्ट्र	निजी	ईईएल	एमको वरौरा टीपीएस	1	300	20-मई-15	26-मई-15	कच्चे पानी की समस्या
पश्चिम क्षेत्र	महाराष्ट्र	निजी	ईईएल	एमको वरौरा टीपीएस	1	300	15-अप्रैल-16		कच्चा पानी उपलब्ध नहीं/नहर का कम इंटेक स्तर
पश्चिम क्षेत्र	महाराष्ट्र	निजी	ईईएल	एमको वरौरा टीपीएस	2	300	19-अप्रैल-16		कच्चा पानी उपलब्ध नहीं/नहर का कम इंटेक स्तर
पश्चिम क्षेत्र	छत्तीसगढ़	निजी	एसीबी	कसाईपल्ली टीपीपी	2	135	21-अग.-15	23-अग.-15	कच्चे पानी की समस्या
पश्चिम क्षेत्र	गुजरात	निजी	ईपीजीएल	सलाया टीपीपी	2	600	30-मार्च-15	7-अप्रैल-15	कच्चे पानी की समस्या
पश्चिम क्षेत्र	गुजरात	निजी	ईपीजीएल	सलाया टीपीपी	2	600	9-अप्रैल-15	9-मई-15	कच्चे पानी की समस्या
पश्चिम क्षेत्र	गुजरात	निजी	ईपीजीएल	सलाया टीपीपी	2	600	12-जुला.-15	24-जुला.-15	कच्चे पानी की समस्या
पश्चिम क्षेत्र	गुजरात	निजी	ईपीजीएल	सलाया टीपीपी	2	600	1-सितं.-15	14-सितं.-15	कच्चे पानी की समस्या
पश्चिम क्षेत्र	मध्य प्रदेश	निजी	एसपीएल	सासन यूएमटीपीपी	3	660	26-जुला.-15	27-जुला.-15	कच्चे पानी की समस्या
पश्चिम क्षेत्र	गुजरात	राज्य	जीएसईसीएल	सिक्का रिप. टीपीएस	3	250	27-अक्तू-15	31-अक्तू-15	कच्चा पानी उपलब्ध नहीं/नहर का कम इंटेक स्तर

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-71

जिसका उत्तर 25 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है ।

गैस-ग्रिड से संबद्ध विद्युत उत्पादन

71. श्री संजय राउतः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश में मौजूद 24,150 मेगावाट गैस-ग्रिड संबद्ध विद्युत उत्पादन क्षमता में से 14,305 मेगावाट क्षमता के लिए वर्तमान में स्वदेशी गैस की आपूर्ति नहीं की जा रही है और इस कारण यह उत्पादन क्षमता स्थगित मानी जा सकती है;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) गैस की पर्याप्त आपूर्ति के लिए सरकार द्वारा उठाए गए अथवा उठाए जाने वाले कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : वर्तमान में देश गैस आधारित विद्युत परियोजनाओं के लिए घरेलू गैस की उपलब्धता में कमी का सामना कर रहा है तथा अधिकांश गैस आधारित विद्युत संयंत्र बहुत कम संयंत्र भार घटक (पीएलएफ) पर प्रचालनरत है।

देश में उपलब्ध स्ट्रैंडिड गैस आधारित विद्युत उत्पादन क्षमता का प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए विद्युत मंत्रालय (एमओपी) ने दिनांक 27.03.2015 के कार्यालय ज्ञापन संख्या (ओएम) 4/2/2015–थर्मल-I के तहत एक रिवर्स ई-बोली प्रक्रिया के जरिए चयनित लक्ष्य पीएलएफ तक उत्पादन के लिए स्ट्रैंडिड विद्युत संयंत्रों और घरेलू गैस प्राप्त करने वाले संयंत्रों, दोनों को स्पॉट आरएलएनजी (ई-बोली आरएलएनजी) द्वारा देश में गैस आधारित विद्युत उत्पादन क्षमता के उपयोग के लिए एक योजना अधिसूचित की है।

इस योजना में सभी पणधारकों द्वारा किए जाने वाले अधित्याग तथा पीएसडीएफ सहायता की परिकल्पना भी की गई है। योजना के तहत उपलब्ध कराई गई रियायतें निम्नानुसार हैं:

(i) आयातित एलएनजी पर सीमाशुल्कों का अधित्याग;
(ii) मूल्य वर्धित कर, केन्द्रीय बिक्री कर, चुंगी एवं प्रवेश कर का अधित्याग;
(iii) पुनः गैसीकरण एवं परिवहन पर सेवा कर का अधित्याग;
(iv) पाइपलाइन प्रशुल्क प्रभारों, पुनः गैसीकरण प्रभारों तथा विपणन मार्जिन में कमी;
(v) स्ट्रैंडिड गैस आधारित विद्युत परियोजनाओं के लिए पारेषण प्रभारों तथा हानियों से छूट।

यह योजना वित्तीय वर्ष 2015-16 और वित्तीय वर्ष 2016-17 में दो वर्ष की अवधि के लिए वैध है। यह योजना 01 जून, 2015 से कार्यान्वयनाधीन है और इस योजना के तहत नीलामी के तीन दौर पूरे किए जा चुके हैं।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-72

जिसका उत्तर 25 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है ।

टीएनजीडीसी को आरईसी तथा पीएफसी द्वारा वित्तपोषण किया जाना

72. श्री सालिम अन्सारीः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) तथा विद्युत वित्त निगम (पीएफसी) ऊर्जा मीटर खरीदने और अन्य विद्युत परियोजनाओं के लिए तमिलनाडु जनरेशन एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (टीएनजीडीसी) को वित्तपोषण कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान आरईसी एवं पीएफसी द्वारा टीएनजीडीसी को किए गए वित्तपोषण का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को ये शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि टीएनजीडीसी लघु औद्योगिक इकाइयों से प्राप्त माल का उनको भुगतान नहीं कर रहा है और वित्तीय हानि पहुंचा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आरईसी, पीएफसी तथा सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख) : ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) और विद्युत वित्त निगम (पीएफसी) ऊर्जा मीटरों सहित विभिन्न विद्युत परियोजनाओं के लिए तमिलनाडु उत्पादन और वितरण निगम लिमिटेड (टैंजेडको) को वित्तपोषण कर रहे हैं। आरईसी एवं पीएफसी द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान टैंजेडको को स्वीकृति का ब्यौरा निम्नानुसार है।

रुपए करोड़ में

	2013-14	**2014-15**	**2015-16**
आरईसी	1369.88	1145.58	1213.67
पीएफसी	2843	3167	3669

(ग) और (घ) : आरईसी को ऐसी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पीएफसी द्वारा प्राप्त शिकायतों को आवश्यक कार्रवाई के लिए टीएनजीडीसी को अग्रेषित कर दिया गया है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

